दिनांक–07.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान की करेंगे शुरूआत, जबलपुर में रोड शो भी करेंगे।
- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग अलग जिलो में विभिन्न कार्यक्रमो का सिलसिला जारी।
- आईपीएल में कल राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया।
- प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सभी राजनैतिक दलों का प्रचार जोर पकड़ रहा है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेता अलग-अलग चुनावी सभाएं और रैलियां आयोजित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगे। श्री मोदी जबलपुर में रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो आज शाम शहीद भगत सिंह चौराहे से शुरू होकर जबलपुर के गोरखपुर इलाके में आदि शंकराचार्य चौराहे पर समाप्त होगा। श्री मोदी के जबलपुर आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा-व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। प्रदेश भाजपा के अनुसार, प्रधानमंत्री मंगलवार को बालाघाट में एक रैली को संबोधित करेंगे।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल शहडोल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल सिंगरौली में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति पर राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी इस पर विश्वास करती है और इससे देश मजबूत होता है।

मुख्यमंत्री प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रहेंगे राजगढ और जबलपुर में चुनाव प्रचार कार्यक्रमो में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और पार्टी प्रत्याशी रोड़मल नागर के समर्थन में सभाओं को संबोधित

करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर भोपाल पहुंचेंगे और यहां से जबलपुर रवाना होंगे जहां शाम 6 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रोड शो में शामिल होंगे।

चुनाव प्रचार कांग्रेस

विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज प्रदेश के बालाघाट के खैरलांजी पहुंचेंगे और में अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वह रोड शो भी करेंगे। इससे पहले कल चुनावी सभाओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर रोजगार देने नाकाम और महंगाई रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

लोकसभा प्रोफाइल

प्रदेश के सुरक्षित मंडला लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा. चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

मध्यप्रदेश में आदिवासी बहुल मंडला सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. चार जिलों की आठ विधानसभा सीटों से मिलकर बनी मंडला संसदीय क्षेत्र की विशेषता यह है कि यहाँ पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

मंडला लोकसभा क्षेत्र में कुल 20 लाख 97 हजार 51 मतदाता हैं। जिनमें पुरूष मतदाता 10 लाख 48 हजार 96 हैं जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 10 लाख 48 हजार 930 है। यहाँ 25 मतदाता थर्ड जेंडर के भी हैं।

मंडला सीट से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं. भाजपा से केन्द्रीय ग्रामीण विकास और इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते उम्मीदवार हैं. कांग्रेस ने कमल सिंह मरावी को टिकट दिया है. आदिवासी बहुल सीट होने के कारण गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भारतीय आदिवासी पार्टी और बसपा के अलावा सात निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं. पिछले लोकसभा चुनाव में श्री कुलस्ते ने करीब एक लाख वोटों से जीत हासिल की थी.

मंडला संसदीय क्षेत्र की पहचान प्रदेश सहित देश के बड़े आदिवासी चेहरे और स्थानीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के रूप में भी होती हैं।

श्री कुलस्ते ने जब से लोकसभा का चुनाव लड़ने की शुरुआत की है तब से मंडला संसदीय क्षेत्र भाजपा का गढ़ बन गया है। 1996 से पहले यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

मंडला सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा इसलिए यहाँ सभी पार्टियों के स्टार प्रचारकों के प्रचार ने जोर पकड़ लिया है. चुनाव आयोग भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है.

निर्वाचन आयोग अनुग्रह

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

मतदाता जागरूकता

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान को सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है।

आगरमालवा जिले के मतदाता शत.प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करें, इसके लिए जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कड़ी में जिले के ग्राम तनोडिया सनावदा, महुडिया, सालरी, चंदनगांव के आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला मतदाताओं ने रंगोली एवं मेहंदी बनाकर शत्.प्रतिशत मतदान का संदेश दिया तथा संकल्प दिलाया। वहीं, झाबुआ के पेटलावद क्षेत्र के अलग अलग गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनावी चौपाल आयोजित की गई है। डिंडौरी, रायसेन, मंडला जिलो मे भी मतदाताओं जागरूक के लिए अलग अलग कार्यक्रम किए जा रहे है।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और

निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं बालाघाट जिले से सुनिल कुमार रंगारे का संदेश। -

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। 184 रनों के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 19 ओवर और 1 गेंद में 4 विकेट पर 189 रन बना लिए। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर ने नाबाद 100 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। संजू सैमसन ने भी बहुमूल्य 69 रन बनाये।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए रीस टॉपले ने दो विकेट लिए। इससे पहले, राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 183 रन बनाए. आरसीबी के लिए विराट कोहली ने 113 रन और कप्तान डु प्लेसिस ने 44 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए युजवेंद्र चहल ने दो विकेट लिए। आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच मौसम में बदलाव की संभावना है। आज तड़के राजधानी भोपाल समेत कई जिलो में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के कहा कि, पिछले 24 घंटो में कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहा, जबकि आगामी चौबीस घंटो में भोपाल समेत प्रदेश के कई हिस्सो बादल छाने और कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा तापमान राजगढ़, उज्जैन और गुना में करीब 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

- चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सभी राजनैतिक दलों का प्रचार जोर पकड़ रहा है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेता अलग-अलग चुनावी सभाएं और रैलियां आयोजित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगे। श्री मोदी जबलपुर में रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो आज शाम शहीद भगत सिंह चौराहे से शुरू होकर जबलपुर के गोरखपुर इलाके में आदि शंकराचार्य चौराहे पर समाप्त होगा। श्री मोदी के जबलपुर आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा-व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। प्रदेश भाजपा के अनुसार, प्रधानमंत्री मंगलवार को बालाघाट में एक रैली को संबोधित करेंगे।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल शहडोल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल सिंगरौली में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति पर राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी इस पर विश्वास करती है और इससे देश मजबूत होता है।

- मुख्यमंत्री प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रहेंगे राजगढ और जबलपुर में चुनाव प्रचार कार्यक्रमो में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और पार्टी प्रत्याशी रोड़मल नागर के समर्थन में सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर भोपाल पहुंचेंगे और यहां से जबलपुर रवाना होंगे जहां शाम 6 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रोड शो में शामिल होंगे।

- चुनाव प्रचार कांग्रेस

विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज प्रदेश के बालाघाट के खैरलांजी पहुंचेंगे और में अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वह रोड शो भी करेंगे। इससे पहले कल चुनावी सभाओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर रोजगार देने नाकाम और महंगाई रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

- निर्वाचन आयोग अनुग्रह

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान/सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि

का प्रावधान किया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी), ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

- मतदाता जागरूकता

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान को सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है।

आगरमालवा जिले के मतदाता शत.प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करें, इसके लिए जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कड़ी में जिले के ग्राम तनोडिया सनावदा, महुडिया, सालरी, चंदनगांव के आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला मतदाताओं ने रंगोली एवं मेहंदी बनाकर शत्.प्रतिशत मतदान का संदेश दिया तथा संकल्प दिलाया। वहीं, झाबुआ के पेटलावद क्षेत्र के अलग अलग गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनावी चौपाल आयोजित की गई है। डिंडौरी, रायसेन, मंडला जिलो मे भी मतदाताओं जागरूक के लिए अलग अलग कार्यक्रम किए जा रहे है।

---------------------------------------------------------------